Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Mahato Shri Sunil Kumar

an>

Title : Reported Irregularities in the examination conducted by UPSC.

श्री सुनिल कुमार महतो (जमशेदपुर) : सभापति महोदय, 21 अगस्त के हिन्दी समाचार-पत्र दिनांक 22 अगस्त, 2006 के जनसत्ता में छपे समाचार के अनुसार सैंकड़ों छात्रों ने सघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में धांधली का आरोप लगाया है। परीक्षा में शामिल छात्रों का आरोप है कि नतीजे जारी करने में धांधली की गई है एवं पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया गया है। सभी छात्रों की उत्तर पुस्तिका में मिले अंक एवं कट आफ मार्क के बारे में जानना चाहते हैं। इस तरह सिविल सेवा की परीक्षा में हो रही धांधली से सैंकड़ों छात्रों के भविय के साथ आयोग द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा है एवं साथ-साथ मेघावी छात्रों को अंधेरे में धकेलने का काम कर रहे हैं। निश्चित रूप से देश के छात्रों का संघ लोक सेवा आयोग के ऊपर जो विश्वास था,

---

* Not Recorded.

वह आज टूट रहा है और यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि सिविल सेवा की परीक्षा में इस तरह से धांधली हो रही है, यह राट्र के हित में नहीं है।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से मांग है कि संघ लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा में धांधली हो रही है या नहीं, इसके लिए एक समिति बना कर जांच कराई जाए ताकि मेघावी छात्रों के साथ न्याय किया जा सके। धन्यवाद।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI B.K. HANDIQUE): Sir, I have to make a clarification with regard to a matter raised by Shri Sangwan.

MR. CHAIRMAN: You can do so after Shri Karan Singh Yadav's submission.